## पुलिस थाना-बड़ागाँव, जनपद-वाराणसी।
## उत्तर प्रदेश, पिन नं.-221204

सी.यू.जी. नं.-9454404377 ई-मेल- so-baragaon.va@up.gov.in


*****************************************************************************

# प्रेस नोट

दिनांकः 19.11.2023

## थाना बड़ागांव पुलिस द्वारा मु0अ0सं0- 55/23 धारा 386/506/406/436 भादवि से संबन्धित 01 नफर अभियुक्त गिरफ्तार -

श्रीमान् पुलिस आयुक्त महोदय कमिश्नरेट वाराणसी के आदेश के क्रम में व श्रीमान पुलिस उपायुक्त महोदय गोमती जोन कमिश्नरेट वाराणसी व श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त गोमती जोन कमिश्नरेट वाराणसी व श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त पिण्डरा कमिश्नरेट वाराणसी के निर्देशन में अपराध के रोकथाम एवं वांछित अभियुक्तो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष बडागांव के कुशल मार्गदर्शन में दिनांक आज दिनांक 19.11.2023 पुलिस टीम देखभाल क्षेत्र रोकथाम जुर्मजरायम, तलाश वांछित अभियुक्त के क्रम मे मामूर थे कि मुखबिर खास की सूचना पर पांचो शिवाला मंदिर के पीछे से समय करीब 02.30 बजे मु0अ0सं0- 55/23 धारा 386/506/406/436 भादवि से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त विशाल जायसवाल पुत्र रामचंद्र जायसवाल निवासी ग्राम अमावर मोहनपुर थाना बड़ागांव जनपद वाराणसी को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त विशाल जायसवाल उपरोक्त द्वारा मुकदमा उपरोक्त के वादी श्री विनोद कुमार पुत्र स्व0लालधर पटेल निवासी ग्राम सरायकाजी थाना बड़ागाँव जिला वाराणसी से व्यापार करने के लिए पैसा उधार लिया था काफी समय बीत जाने का बाद मुकदमा वादी द्वारा अपना पैसा वापस मांगने पर अभियुक्त उपरोक्त पैसा देने से हीला हवाली व टाल मटोल किया जा रहा था दिनांक15.02.2023 ई0 को अभियुक्त द्वारा फोन कर वादी से अपनी कबाड़ की दुकान सरायकाजी बाजार पर 2,00,000/- दो लाख रुपये पहुँचाने की मांग किया गया तथा मांग पूरी नही होने पर वादी को जान से खत्म कर देने की धमकी दिया तथा वादी की मिठाई के दुकान व आवास पर चढ़कर पेट्रोल छिड़कर आग लगा दिया, जिससे काफी सामान जल कर नष्ट हो गया तथा बम से मार कर हत्या करने की धमकी दिया जा रहा है। गिरफ्तार शुदा अभियुक्त को विधिक रूप से दाखिल कर कार्यवाही किया जा रहा है।

**अभियुक्त का नाम पताः**

अभियुक्त विशाल जायसवाल पुत्र रामचंद्र जायसवाल निवासी ग्राम अमावर मोहनपुर थाना बड़ागांव जनपद वाराणसी उम्र करीब 29 वर्ष

## गिरफ्तारी का दिनांक समय व स्थान –

दिनांक 19.11.2023 समय करीब 02.30 बजे ग्राम पांचो शिवाला मंदिर के पीछे से थावा बडागांव कमिश्नरेट वाराणसी

## बरामदगी का विवरण –

निल

## पंजीकृत अभियोग व अपराधिक इतिहास –

मु0अ0सं0- 55/23 धारा 386/506/406/436 भादवि

## पुलिस टीम का विवरणः

1. थानाध्यक्ष राजकुमार पाण्डेय थाना बडागांव कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0श्री विवेक त्रिपाठी चौ0प्र0 हरहुआ थाना बडागांव कमि0 वाराणसी।
3. हे0का0 रामविलास थाना बडागांव कमिश्नरेट वाराणसी।
4. हे0का0 अखिलेश यादव थाना बडागांव कमिश्नरेट वाराणसी।
5. का0 राकेश कुमार थाना बडागांव कमिश्नरेट वाराणसी।
6. का0 विवेक सिंह थाना बडागांव कमिश्नरेट वाराणसी।
7. का0 मुकेश कुमार थाना बडागांव कमिश्नरेट वाराणसी।

## फोटो-



**थाना-बडागाँव**

**कमिश्नरेट-वाराणसी**